## लाड़ली बहनों को बताए बजट बनाने, निवेश करने के तरीके

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ गुलाब चक्कर रतलाम में आयोजित किया गया। इसके साथ ही लाडली बहनाओं हेतु वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठतम लाडली बहना के द्वारा दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया, तत्पश्चात जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया ने अतिथियों का स्वागत किया गया। बुधौलिया द्वारा अपने उद्बोधन में वित्तीय साक्षरता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समस्त महिलाओं को इसकी जानकारी होनी चाहिए, क्योंकि हमारी आधी आबादी महिलाओं की है, हमारी लाडली बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रतिमाह राशि प्राप्त होती है। उसका सदुपयोग किस प्रकार से किया जाए।

▸ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत वित्तीय साक्षरता आयोजित



कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सेबी मास्टर ट्रेनर अनिता गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं को बजट बनाने, निवेश करने एवं ऑनलाइन फ्रॉड से किस प्रकार सुरक्षित रहे संबंधी जानकारी प्रदाय की गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रही। आभार सहायक संचालक भारती डांगी के द्वारा किया गया।

## शनिवार और रविवार को भी होगा एचपीवी वैक्सीनेशन

**रतलाम।** जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन जिले के चिन्हित केंद्रों पर किया जा रहा हैं। शनिवार, रविवार को भी वैक्सीनेशन किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि रतलाम जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। एच पी वी वैक्सीनेशन जिले के चिन्हित केंद्रों पर शनिवार 7 मार्च, रविवार 8 मार्च को किया जाएगा। रतलाम जिले में बाल चिकित्सालय रतलाम, मेडिकल कॉलेज रतलाम , सिविल अस्पताल आलोट , जावरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली , बाजना, सैलना, ताल, पिपलोदा केंद्रों पर प्रतिदिन वैक्सीनेशन किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील ने बताया कि टीकाकरण कराने के लिए ऑनलाइन यूं विन पोर्टल पर भी बुकिंग की जा सकती है अथवा सीधे टीकाकरण केंद्र पर आकर वैक्सीनेशन कराया जा सकता है। वैक्सीनेशन करने के लिए आयु के प्रमाण संबंधी कोई भी दस्तावेज अथवा स्वयं आयु संबंधी घोषणा पत्र भी मान्य है।

## पुलिस ने किए 6 फटाकेदार साइलेंसर जब्त

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में ध्वनि प्रदूषण एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध रतलाम पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अमानक (फटाकेदार) साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) आनंद स्वरूप सोनी के निर्देशानुसार शहर में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक राजशेखर वर्मा, सूबेदार अनोखीलाल परमार एवं यातायात थाना टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 06 दोपहिया वाहनों में अमानक फटाकेदार साइलेंसर पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए साइलेंसर जप्त किए गए।

रतलाम पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में मानक साइलेंसर का ही उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### एक नजर में

## आपदा से निपटने का लोगों को आज देंगे प्रशिक्षण

**रतलाम।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रतलाम के निर्देशानुसार जन जागृति एवं जन सुरक्षा कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के तहत नगर के नागरिकों आपदा से निपटने के लिए शनिवार को प्रात: 11 विधायक सभागृह में प्रशिक्षण दिया जायेगा। आयोजित प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने हेतु प्रथम उपचार में नागरिकों को क्या करना है का प्रशिक्षण दिये जाने के साथ ही प्राकृतिक व मानवकृत आपदा से बचाव की जानकारी एक्सपर्ट प्रशिक्षकों द्वारा दी जायेगी। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि आयोजित आपदा प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर आपदा से निपटान के तरीकों को अनिवार्य रूप सीखें।

## रंग पंचमी : दोबत्ती चौराहे पर रंगों की होगी बौछारें, उड़ेगा गुलाल

**रतलाम।** दो बत्ती रंगारंग मंच के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष मनाई जाने वाली रंगा-रंग पंचमी इस वर्ष भी जोर शोर से मनाई जाएगी। रंगपंचमी का आयोजन 8 मार्च रविवार को होगा। रंगपंचमी के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर दो बत्ती रंगारंग मंच की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई जिसमे आयोजन की व्यवस्थाओ पर चर्चा की गई। इस बार रंग पंचमी का आयोजन और भी भव्य तरीके से किया जायेगा। इसमें जंहा चौराहे पर रंगो की बारिश होगी वही भरी मात्रा में विभिन्न रंगो का गुलाल भी उड़ाया जायेगा और होली के गीत हर आने जाने वाले को रंगो से सराबोर करेंगे। बैठक में दो बत्ती रंगारंग मंच के रवि जोहरी ,कमलेश मोदी, संजय जैन जेवीसी , विनोद मिश्रा मामा, जोएब आरिफ,संजय अग्रवाल सौरभ सोनी,कुंदन वर्मा,गौरव सोनी आदि उपस्थित थे। आयोजनकर्ताओ ने शहर के नागरिको से आग्रह किया है कि रविवार को होने वाले इस मस्तीभरे आयोजन में परिवार सहित शामिल होकर आयोजन को सफल बनाये।

## अनुभूति द्वारा पहली बार आज महिला साहित्योत्सव

**रतलाम।** नगर के अग्रणी साहित्यिक संस्था अनुभूति के संयोजन में पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को दोपहर 2.30 बजे नवश्रृंगारित गुलाब चक्कर कालिका माता मंदिर के पास महिला साहित्योत्सव समाजसेवी श्रीमती वीणा छाजेड़ के मुख्य आतिथ्य, डॉ.श्वेता विंचूरकर, प्राचार्य सांई श्री इंटरनेशनल हा.से. स्कूल रतलाम के विशेष आतिथ्य एवं संगीतज्ञ श्रीमती सुशीला व्यास की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। अनुभूति संस्था के अध्यक्ष डॉ. मोहन परमार, संरक्षक दिनेश कुमार जैन, संस्थापक प्रणयेश जैन, उपाध्यक्ष हरिशंकर भटनागर, अब्दुल सलाम खोकर, रामचन्द्र फुहार, सतीश जोशी नगरा, शांतिलाल गोयल शांतनु, रामचन्द्र गेहलोत अम्बर, सुरेश माथुर एवं संयोजक अनुभूति महिला समिति, संयोजक श्रीमती इंदु सिन्हा, छवि नीलिमा सिंह, श्रद्धाजलज घाटे ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला साहित्योत्सव में महिला कवयित्री गीत जलज एवं कविता पाठ के साथ महिला दिवस पर अपने प्रेरक विचार प्रकट करेगी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती योगिता राजपुरोहित द्वारा किया जाएगा।अनुभूति के पदाधिकारियों एवं महिला समिति के संयोजको द्वारा कार्यक्रम सफल बनाने का आग्रह किया है ।

## सेवानिवृत्त पर डोडिया को दी विदाई



**रतलाम।** सेवानिवृत्ति पर बनेसिंह डोडिया का सम्मान कर विदाई दी गई । केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रतलाम प्राचार्य आरडी चंदेल, मालवीय, पीएन जोशी, रवि खरेटिया, अनिक त्रिपाठी एवं स्टाफ सदस्यो ने सम्मान किया। इस अवसर पर कालू सिंह डोडिया, सुरेन्द्र सिंह डोडिया, जय नारायण, किशोर सिंह, दिलीप सिंह, नरेन्द्र सिंह डोडिया एवं स्नेहीजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पी एन जोशी द्वारा किया गया।

## 9 मार्च तक अतिक्रमण हटाए,नहीं तो चलेगी जेसीबी : महापौर

### चांदनी चौक से बाजना बस स्टैंड तक बनेगी 4 लेन सड़क

▸ लक्कड़पीठा रोड निरीक्षण के दौरान दी चेतावन



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में प्रस्तावित लक्कड़पीठा रोड के चौड़ीकरण को लेकर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। महापौर प्रहलाद पटेल ने शुक्रवार को चांदनी चौक से बाजना बस स्टैंड तक बनने वाली लक्कड़पीठा रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के रहवासियों व भवन मालिकों से 9 मार्च तक स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समय सीमा तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर निगम द्वारा 9 मार्च से जेसीबी, पोकलेन और निगम गैंग की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि चांदनी चौक से बाजना बस स्टैंड तक का मार्ग शहर का प्रमुख मार्ग है और यहां शीघ्र ही चार लेन सड़क का निर्माण किया जाना है। सड़क निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सके और नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके, इसके लिए सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने ऐसे सभी भवन स्वामियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं आगे आकर अपना अतिक्रमण हटा लें, ताकि निगम को सख्त कार्रवाई नहीं करनी पड़े। महापौर ने कहा कि शहर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे 9 मार्च से पहले स्वयं अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नगर निगम को जेसीबी, पोकलेन और निगम अमले के साथ कार्रवाई करनी पड़ेगी।

**पुलिया के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए**

महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को लक्कड़पीठा पुलिया के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा होना चाहिए, जिससे क्षेत्र के लोगों को जल्द राहत मिल सके और आवागमन सुचारु हो सके। उन्होंने बताया कि शहर के मास्टर प्लान के अनुसार इस सड़क की चौड़ाई 18 मीटर रखी जाएगी। प्रस्तावित सड़क में बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा और दोनों ओर पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और पैदल यात्रियों को भी सुरक्षित मार्ग मिलेगा।





## कलेक्टोरेट में कांग्रेस नेत्रियों का धरना

**रतलाम।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ लगाए गए आरोपों के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं और महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव यास्मीन शेरानी ने किया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस पार्षद मनीषा व्यास, कविता महावर, आशा रावत, नीलोफर खान, मीनाक्षी सेन, केसरबाई, पूर्व पार्षद नजमा बेलुत, याहेदा बी, रुखसाना खान, राधा प्रजापत, शबनम खान, सलमा खान, रेखा, तबस्सुम, गायत्री सहित शहर महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा-संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान शांतिलाल वर्मा भी मौजूद रहे और उन्होंने भी धरने को समर्थन देते हुए कार्रवाई की मांग की।

## खेत पर करंट लगने से युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सिंचाई के लिए खेत पर पानी पिलाने गए युवक की मौत हो गई । जानकारी के अनुसार जिले की सैलाना तहसील के बोदिना ग्राम निवासी जितेंद्र पिता ईश्वरलाल पाटीदार (35) शुक्रवार को बिजली आने पर सुबह 5 बजे सिंचाई के लिए खेत पर गया था जहां पर करंट लगने से गिर गया।

काफी समय तक वह घर नहीं आया, तब परिजन खेत पर गए जहां पर जितेंद्र को अचेत जमीन पर पड़ा देखा। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जितेंद्र को अस्पताल भेजा गया, जहां पर परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया कि मृतक के बड़े भाई जगदीश पिता ईश्वरलाल पाटीदार ने बताया कि जितेंद्र का पत्नी से पांच छह साल पहले तलाक हो गया था। परिजन दुसरी शादी के लिए वधु की तलाश कर रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रंजिश को लेकर विवाद फिर मारपीट

**रतलाम।** जिले में रंजिश को लेकर फिर विवाद हुआ। विवाद इतना बड़ा कि मारपीट हो गया। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया हैं। जानकारी के अनुसार बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ीगमना में रंजिश को लेकर मनीष पिता देवीसिंह मईडा का रुपेश पिता गोतिया भगोरा का विवाद हो गया। विवाद में रुपेश ने कालु पिता मोतिया के साथ मिलकर मनीष के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया।

## 111 फीट लम्बी चुनरी को लेकर 39 किमी पैदल जाएंगे श्रद्धालु

▸ श्री चिंताहरण गणपति को भेंट की आमंत्रण



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** चैत्र नवरात्रि की सप्तमी को श्री पद्मावती माताजी मंदिर राजमहल से श्री गढखंखई माताजी मंदिर राजापुर तक निकलने वाली भव्य और विराट चुनरी यात्रा का आमंत्रण शुक्रवार को श्री नित्य चिंताहरण गणपतिजी भगवान पेलेस रोड एवं श्री पद्मावती माता जी राजमहल रतलाम को अर्पित कर यात्रा के शुभ एवं मंगलमय होने का आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री गढखंखई माता चुनरी यात्रा आयोजन समिति संयोजक जनक नागल, अध्यक्ष धर्मेन्द्र रांका पार्षद, नरेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की माता रानी की भक्ति और शक्ति के महापर्व चैत्र नवरात्रि की सप्तमी 25 मार्च 26 शाम को 6 बजे राजमहल पैलेस में स्थित श्री पद्मावती माता जी एवं श्री चामुंडा माता जी को ग्यारह ग्यारह फिट की चुनरी ओढ़ाई जाकर पुजा महाआरती कर सैकड़ों भगवा ध्वजों एवं ढोल, बेंड नगाड़ों एवं म्युजिक सिस्टम के साथ 111 फिट लम्बी चुनरी को लेकर भव्य और विराट पैदल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। अलगे दिन सुबह 6 बजे श्री गढखंखाई माताजी पहुंच कर हिन्दू राष्ट्र की कामना के साथ चुनरी चढ़ाई जाएगी। चुनरी यात्रा का यह 26 वाँ वर्ष है। इस अवसर पर विशेष रूप से महर्षि संजय शिव शंकर दवे जी, संयोजक जनक नागल अध्यक्ष धर्मेन्द्र रांका पार्षद, मंगल सिंह पंवार, अजय यार्दे, मुकेश गांधी, विपिन सोनी, निरज चावला, संजय पेमाल , रत्ना पाल, गोपाल शर्मा, गब्बर यादव, चिराग जायसवाल, जितेन्द्र बामनिया, विनोद गुर्जर, शेलेन्द्र सिंह शक्तावत, पप्पू गादिया, रवि रानीवाल, हेमंत ठाकुर सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पोषण आहार में लापरवाही पर 9 पर्यवेक्षकों का वेतन राजसात

▸ 13 स्व सहायता समूहों की राशि काटी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आंगनवाड़ी केन्द्रों की मॉनिटरिंग के लिए 6 मार्च को अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में आहार नियमित रूप से प्रदाय नहीं करने व समूह की लापरवाही सामने आई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि कलेक्टर मिशा सिंह द्वारा विकसित व्यवस्था अंतर्गत परियोजना में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों की मॉनिटरिंग के लिए 6 मार्च को अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाडलिया घाटा जोधपूरा ग्राम के गंगा स्वयं सहायता समूह द्वारा सांझा चूल्हा योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण आहार नियमित रूप से प्रदाय नहीं पाया गया। समूह की लापरवाही के कारण गंगा स्वयं सहायता समूह का महिला बाल विकास परियोजना बाजना से अनुबंध 6 मार्च को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया। साथ ही आंगनवाडी केन्द्रों पर पोषण आहार का निर्धारित मेनू चस्पा नही होना एवं साफ-सफाई का स्तर संतोषजनक नही पाया जाने, पोषण आहार वितरण में अनियमितता, हितग्राहियों के मान से भोजन की मात्रा अपर्याप्त तथा भोजन की गुणवत्ता अच्छी नही पाये जाने के कारण कलेक्टर आदेशानुसार 9 आंगनवाडी केन्द्रों की पर्यवेक्षकों का एक दिवस का वेतन तत्काल प्रभाव से राजसात किया।

### इनका वेतन राजसात

आंगनवाड़ी केन्द्र गढ़ी सैलाना की पर्यवेक्षक कंचन त्रिवेदी, आंगनवाड़ी केन्द्र जम्बुडिया सैलाना की पर्यवेक्षक अनिता खांदल, आंगनवाड़ी केन्द्र नई आबादी भूतेडा जावरा ग्रामीण की ममता शर्मा, आंगनवाड़ी केन्द्र कलसीया-2 आलोट एवं आंगनवाडी केनछ्र लक्ष्मीपुरा आलेट की पर्यवेक्षक धापू मालवीय, आंगनवाडी केन्द्र डॉट की पुलिया रतलाम शहर-1 एवं आंगनवाडी केन्द्र नजरअली की चाल रतलाम शहर-1 की पर्यवेक्षक हेमलता वासेन, आंगनवाडी केन्द्र भाटो का वास रतलाम शहर-2 की पर्यवेक्षक लक्ष्मी पंवार एवं आंगनवाडी केन्द्र अशोकनगर-1 रतलाम शहर-2 की पर्यवेक्षक मालती शर्मा का एक दिवस का वेतन तत्काल प्रभाव से राजसात किया गया।

### पोषण आहार की राशि काटी

आंगनवाडी केन्द्र कलसीया के राधा स्व सहायता समुह कलसीया, आंगनवाडी केन्द्र लक्ष्मीपुरा के स्वतंत्रता स्व सहायता समुह, आंगनवाडी केन्द्र डाट की पुलिया फ्रीगंज रतलाम के भेरूनाथ स्व सहायता समुह त्रिपोलिया गेट, आंगनवाडी केन्द्र नजरअली की चाल के भेरूनाथ स्व सहायता समुह ,त्रिपोलिया गेट, डोगरे नगर के नेहा स्व सहायता समुह जावरा रोड़ रतलाम, आंगनवाडी केन्द्र नई आबादी पिपलौदा के शुभम स्व सहायता समुह पिपलौदा, आंगनवाडी केन्द्र भाटखेड़ी के दिव्यमाला आजीविका स्व सहायता समुह भाटखेडी, आंगनवाडी केन्द्र अर्जला के सावलिया स्व सहायता समुह अर्जला, आंगनवाडी केन्द्र नई आबादी भूतेडा के महावीर स्व सहायता समुह भूतेडा, आंगनवाडी केन्द्र गढी खाखरापाडा के जय संतोषी मां स्व सहायता समुह, आंगनवाडी केन्द्र के जंबुडिया पार्वती स्व सहायता समुह जंबुडिया, आंगनवाडी केन्द्र अशोकनगर के सोमू स्व सहायता समुह तेजा नगर, आंगनवाडी केन्द्र रूडी का टापरा के कृष्णा स्व सहायता समुह का 1 दिवस के पोषण आहार की राशि का देयक अमान्य कर राशि काटी गई है।

### छह माह में तीन दिन भोजन

आंगनवाडी केन्द्र जंबुडिया (बेडदा) का औचक निरीक्षण किया। केन्द्र की स्थिति अत्यधिक अंसतोषजनक मिली। अनुबंधित स्व सहायता समुह ने छः माहों में मात्र 3 बार भोजन दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा पर्यवेक्षक (परिक्षेत्र बेड़दा) अनिता खांदल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर लिखित जवाब 3 कार्यदिवस के अंदर प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## फाग यात्रा में जमकर झूमे, गुलाल लगाकर प्रेम का दिया संदेश

▸ जैन सोश्यल ग्रुप मैत्री का मिलन एंव फाग महोत्सव संपन्न



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार द्वारा अंबिका रिसोर्ट पर होली मिलन समारोह एंव फाग महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें डीजे के साथ फाग यात्रा निकाली गई। ग्रुप सदस्यों ने होली के गीतों पर झुम कर नृत्य किया एवं एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर प्रेम का संदेश दिया। दंपत्ति सदस्यों द्वारा मनोरंजन गेम में भाग लिया।

कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी पाइंट आकर्षण का केंद्र रहे। जिस पर सभी दंपत्ति साथियों ने भरपुर सेल्फी पाइंट का आनंद लिया। क्षेत्र के उभरते गायक डॉ.गोपाल पाटीदार कलालिया ने अपने गीतो से सभी का मन मोह लिया। होली मिलन समारोह के साथ ही जेएसजी जावरा के सक्रिय सदस्या ,श्रुति विशाल जैन का सामुहिक रुप से रंग-बिरंगा जन्मदिन मनाया। इस मौके पर जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन डायरेक्टर अनिल धारीवाल ने कहा, होली पर्व आध्यात्मिक संस्कृति का प्राण है, आने वाली पीढ़ी में होली पर्व का इतिहास के क्रांतिकारी विचारों का संस्कारों के रूप में बीजारोपण करता है। ग्रुप पूर्व अध्यक्ष एवं जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन कमेटी नेचरोथेरेपी अवरनेयस कमेटी चैयरमैन संदीप रांका ने कहा कि होली पर्व पर क्रोध, लोभ, मोह माया, अहंकार रूपी कचरे को नष्ट करके प्रेम समभाव सद्भभाव रुपी प्रेम के रंग में अपने आप को रंगना है। साधुमार्गी जैन जवाहर संघ अध्यक्ष पंकज कांठेड ने कहा, यह रंगों का त्योहार हम सब को एक दुसरे के प्रति प्रेम स्नेह अपनत्व का प्रतीक है ।

### एक नजर में

**तालाब से नहरों और विद्युत पम्पों से सिंचाई होने से हर मौसम में लहलहा रहीं फसलें**

## किसानों के लिए वरदान साबित हुआ रूपनिया डेम

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जिन गांवों के हालात सालों पूर्व दयनीय हुआ करते थे। जहां की खेती पडत व बंजर हुआ करती थी। आसपास के कई ग्रामवासी काम-धंधे की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर रहते थे। जिन्हें हर वक्त रोजी-रोटी की चिंता सताती रहती थी। उस क्षेत्र में कांग्रेस शासनकाल में बनें एक विशाल जलाशय ने हजारों कृषकों की तस्वीर और तकदीर बदल के रख दी।

वहीं अन्य लोगों के लिए उक्त तालाब रोजगार का जरिया बन चुका है। जिसमें बडे पैमाने पर मछली पालन व्यवसाय होता है। इस डेम के चलते अब क्षेत्र के किसानों की समृद्धि एवं खुशहाली अलग ही नजर आती है। जी, हां। हम बात कर रहे हैं जावरा विकासखंड की ग्राम पंचायत मोरिया के अंतर्गत बनें रूपनिया डेम की। लंबे-चौडे क्षेत्र में फैले उक्त जलाशय के पानी से आसपास के असंख्य ग्रामीण अपनी हजारों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करते हैं। तालाब की बदौलत यहां के अन्नदाताओं की उन्नति के द्वार खुल चुके हैं। यह लिखने में कोई गुरेज नहीं कि इस डेम ने उन्हें आत्म निर्भरता प्रदान की। 12 महीनों क्षेत्र के खेतों में फसलों को लहलहाते देखा जा सकता है। रूपनिया जलाशय ने इलाके के हजारों किसान बंधुओं को समृद्ध कर आर्थिक रूप से सक्षम बना दिया। यह जलाशय बीस गांवों के लोगों के लिए वरदान साबित हुआ।

**बदली तस्वीर:** सन 2019 में अत्यधिक वर्षा होने से उक्त डेम ओवरफ्लो हो गया था। जिसके चलते ग्रामवासी दहशत में आ गए थे। आनन फानन में इसके निचले हिस्से में बसे गांवों रणायरा व रोला को खाली कराना पडा था। यहां का मछली पालन का ठेका हथियाने की ठेकेदारों में होड मची रहती है। दूर-दूर के लोग मछली पालन ठेके की प्रक्रिया में भाग लेते हैं। जानकारी के मुताबिक इस डेम के निर्माण में आसपास के 3-4 गांवों की जमीन उपयोग में ली गई। उक्त तालाब की लंबाई 2 किलोमीटर से अधिक व चौडाई 1 किलोमीटर से ज्यादा है। डेम के नाले की चौडीकरण का कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हो सका।



### अल्प वर्षा के बावजूद जलस्तर में गिरावट नहीं-

रणायरा गुर्जर गांव के ऊपरी भाग में निर्मित रूपनिया तालाब से रणायरा गुर्जर, रोला, रिंगनोद का कुछ हिस्सा, सुजानपूरा, मन्याखेडी, गुंदी व नेतावली गांवों में नहरों द्वारा फसलों को पानी पिलाया जाता है। जबकि पंथमेलकी, किलगारी, पिपलौदी, हनुमन्तीया, मार्तडंज ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पम्पों से फसलों की सिंचाई होती है। ग्रामीणों के मुताबिक डेम के वर्षभर पानी से लबरेज रहने की वजह से आसपास के नलकूपों व कुओं में पर्याप्त मात्रा में पानी भरा रहता है। जिस साल बरसात कम होती है, उन दिनों भी जलस्तर में गिरावट देखने को नहीं मिलती।